(a) कोटा (b) जयपुर
(c) बूंदी (d) जैसलमेर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : मेडिफेस्ट 2022 प्रदर्शनी का आयोजन जयपुर शहर में किया गया। मेडिफेस्ट 2022 के दौरान 18 इंटरएक्टिव सेशंस में विशेषज्ञ विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार में होने वाली आधुनिक तकनीक की जानकारी देगें।

287. दो खेल पुरस्कारों, गुरु वशिष्ठ पुरस्कार एवं महाराणा प्रताप पुरस्कार के लिये पुरस्कार राशि को 1 लाख से बढ़ाकर .... कर दिया गया है।

(a) 2 लाख (b) 3 लाख
(c) 4 लाख (d) 5 लाख

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (d) : खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं कोचों को राजस्थान सरकार द्वारा गुरु वशिष्ठ एवं महाराणा प्रताप पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इन दो खेल पुरस्कारों की पुरस्कार राशि एक लाख रूपये से बढ़ाकर 5 लाख रूपये कर दी गयी। एक वित्तीय वर्ष पाँच गुरू वशिष्ठ एवं पाँच महाराणा प्रताप पुरस्कार प्रदान किये जायेगें।

288. 19 से 20 अगस्त 2022 को डिजिफेस्ट आयोजित किया गया–

(a) जोधपुर में (b) उदयपुर में
(c) जयपुर में (d) कोटा में

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (c) : राजस्थान डिजिफेस्ट-2022 का आयोजन राज्य सरकार द्वारा 19-20 अगस्त 2022 को जयपुर में किया गया। यह आयोजन प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता के क्षेत्र में युवाओं को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। दो दिवसीय इस डिजिफेस्ट 2022 में युवाओं ने अपने स्टार्टअप के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

289. तृतीय सुन्दर कांति जोशी पुरस्कार 3 अप्रैल, 2022 को सोनल कलाल एवं अनाया गर्ग को दिये गये। यह पुरस्कार किस खेल के लिये स्थापित किये गये हैं?

(a) हॉकी (b) क्रिकेट
(c) एथलेटिक्स (d) बैडमिंटन

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : तृतीय सुन्दर कांति जोशी पुरस्कार 3 अप्रैल, 2022 को सोनल कलाल एवं अनाया गर्ग को क्रिकेट खेल में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया। राजस्थान के इन दोनों महिला खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट सत्र 2021-22 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह पुरस्कार राधा निवास क्रिकेट क्लब की ओर से महिला क्रिकेटरों को प्रदान किया जाता है।

290. राजस्थान में पैरा एथलेटिक्स को बढ़ावा देने के लिये किन दो शहरों में आवासीय पैरा स्पोर्ट्स अकादमियाँ स्थापित की जायेंगी?

(a) जोधपुर एवं जयपुर (b) जयपुर एवं उदयपुर
(c) जोधपुर एवं बीकानेर (d) बीकानेर एवं उदयपुर

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (a) : फरवरी, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि जयपुर एवं जोधपुर में पैरा स्पोर्ट्स अकादमी की स्थापना की जाएगी तथा पैरालम्पिक में पदक विजेताओं को 25 बीघा जमीन दी जाएगी।

291. 'कसूमल' रंग का अर्थ है–

(a) लाल रंग (b) काला रंग
(c) नीला रंग (d) पीला रंग

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (a) : कसूमल रंग का अर्थ है, लाल रंग। राजस्थान की पगड़ियों में विभिन्न रंगों का प्रयोग किया जाता है जिसमें कसूमल प्रमुख हैं। कसूमल (लाल) रंग की पगड़ी शादी और त्यौहारों के अवसर पर पहनी जाती है। लाल रंग प्रेम और खुशी का भी प्रतीक है।

292. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की उड़ान प्रशिक्षण संगठन नीति के तहत .... में एक नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमी खोली जानी है–

(a) कोलाना, झालावाड़ (b) नाल, बीकानेर
(c) किशनगढ़, अजमेर (d) लालगढ़, श्री गंगानगर

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (c) : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की उड़ान प्रशिक्षण संगठन नीति के तहत किशनगढ़, अजमेर में एक नई उड़ान प्रशिक्षण अकादमी खोली जानी है। देश में किशनगढ़ सहित दश एयरपोर्ट का चयन किया गया है।

293. विश्व युवा दिवस पर राजस्थान सरकार ने किसे 'स्किल एंबेसेडर अवॉर्ड, 2022' से सम्मानित किया?

(a) राकेश कुमार (b) सुनील कुमार मीना
(c) श्री भगवान (d) अशोक यादव

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (d) : भारतीय पशुपालन निगम के स्किल डेवलपमेंट कोर्स के प्रशिक्षणार्थी अशोक यादव को राजस्थान कौशल आजीविका विकास निगम ने विश्व युवा कौशल दिवस पर वर्ष 2022 के स्किल एंबेसडर अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवार्ड के तहत अशोक यादव को स्किल एंबेसडर अवार्ड, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो व 25 हजार रूपये का चेक दिया गया।

294. रूमा देवी को मारवाड़ रत्न से नवाजा गया, वे----- से हैं।

(a) बाड़मेर (b) जैसलमेर
(c) जोधपुर (d) पाली

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (a) : रूमा देवी को मारवाड़ रत्न से नवाजा गया। वे बाड़मेर से सम्बंधित है। जोधपुर के 564वें स्थापना दिवस पर बाड़मेर की सामाजिक कार्यकर्ती एवं इंटरनेशनल फैशन डिजाइनर को 'मारवाड़ रत्न' पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हे महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये दिया गया है। रूमादेवी राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की स्टेट ब्रांड एम्बेसडर है।